<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

तिथि 16 सितंबर 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - कल पूरा हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा को नमन करेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल महेंद्रगढ़ में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ करेंगे।
- हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने फरीदाबाद मे स्कूलों के दौरे के दौरान बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अधिकांश जिलों में बारिश होने की संभावना जताई।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन - ईपीएफओ के अंतर्गत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आज मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इससे श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा काफी बढ़ जाएगा। इस पर सरकार का लगभग 11 हजार 339 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय होने का अनुमान है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कल पूरा हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा को नमन करेगा।

मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में मीडिया को जारी एक संदेश में प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि कल शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए अपने-अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' अवश्य जलाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसेवा की यह यात्रा हमें सिखाती है कि सच्चा नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण से पहचाना जाता है।

श्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा से विशेष आत्मीय रिश्ते का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के  अब तक हरियाणा के 18 दौरों के दौरान प्रदेश को 86 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं मिली है।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ के साथ ही महेंद्रगढ़  मे  आयोजित  होने वाले विश्वकर्मा  दिवस कार्यक्रम  मे  दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया जाएगा।

आज चंडीगढ़ में उन्होंने कहा कि इस तरह योजना का लाभ और अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इसी अवसर पर श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र श्रमिकों को भी लाभ प्रदान किए जाएंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज फरीदाबाद के सेक्टर 10 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और दौलताबाद के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल का दौरा किया। राज्यपाल ने इन स्कूलों में शिक्षा,

पेयजल, साफ-सफाई, बिजली सहित सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्कूलों की प्राथमिक विंग में बच्चों से सीधा संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया और कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में किताबों के अलावा खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने इसके लिए अभिभावको और शिक्षको को मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने दोनों स्कूलों में आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को वज़ीफा देने और स्कूलों में विकास कार्य के साथ विभिन्न सुविधाओं के लिए 10-10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि केवल स्वस्थ नागरिक ही 'विकसित भारत' बनाने का सपना साकार कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने आज रेवाड़ी जिले के माहेश्वरी गाँव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए हर नागरिक से अपनी सेहत का ध्यान रखने और नशीले पदार्थों व अन्य नशों से दूर रहने की अपील की।उन्होंने जिले के हर नागरिक से हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के तुरंत बाद श्री नायब सिंह सैनी ने सभी ज़िला अस्पतालों में मुफ़्त डायलिसिस सुविधा शुरू कीं। उनके नेतृत्व में, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकारी अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से युक्त किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग अब नागरिकों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने माहेश्वरी गाँव में 40 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने मीरपुर गाँव में ग्रामीणों की शिकायतें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

---

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के अधिकांश जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है।हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन लाल खिचड़ ने आज आकाशवाणी समाचार को बताया कि आज रात्रि से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

श्री खिचड़ ने कहा कि इसके बाद पश्चिमी हवाओं के चलने से मौसम शुष्क रहेगा और दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी परन्तु सुबह शाम हल्की ठंड देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बारिश फसल के लिए फायदेमंद रहेगी।

---

स्वास्थ्य विभाग ने सिरसा में परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है।इस जागरूकता अभियान के तहत आज नागरिक अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ पवन कुमार ने कहा दंपत्तियों के प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार और छोटे एवं खुशहाल परिवार के लिए पुरुषों की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने पुरुष नसबंदी को परिवार नियोजन का सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बताते हुए लोगों से इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की अपील की।

---

फरीदाबाद में आगरा कैनाल रोड पर आधी रात पुलिस और बदमाशों केबीच हुईमुठभेड़ मे  चोरी की वारदातों में वांछितसोनूऔर राहुल नाम के दोआरोपियों को गिरफ्तार किया गया  है।सहायक पुलिस आयुक्त वरुण कुमार दहियाने बताया कि जवाबीकार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिन्हें उपचार के लिए बादशाह ख़ानसिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति सामान्य है। दोनोंआरोपी दिल्ली के रहने वाले है।

---

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 19 सितंबर को करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में किसान समूह, महिला किसान और उद्यमी स्टॉल लगाकर बागवानी उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। मेले का आकर्षण हाईटेक बागवानी से संरक्षित खेती, फल-फल, सब्जियों की प्रदर्शनी, उन्नत किस्म के फलदार पौधों की कलमें, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पैकेजिंग होंगे । वैज्ञानिकों के साथ सीधे संवाद किए जाएंगे।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------